गौतमबुद्ध नगर प्रदेश के विकास की धुरी बनकर उभरेगा

नोएडा ब्यूरो

Updated Sun, 29 May 2022 01:12 AM IST



नोएडा (योगेश शर्मा)। उत्तर प्रदेश में रिकॉर्ड 2090 औद्योगिक परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-3) 3 जून को लखनऊ में होगी। इस बार भी गौतमबुद्ध नगर प्रदेश के विकास की धुरी बनकर उभरेगा। प्रदेश की 75 हजार करोड़ रुपये के निवेश से जुड़ी परियोजनाओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल भूमि पूजन करेंगे। इसमें 26,378 करोड़ रुपये की परियोजनाएं अकेले गौतमबुद्ध नगर में निवेश से जुड़ी हैं। देश के दिग्गज उद्योगपतियों की मौजूदगी में परियोजनाओं को धरातल पर लाने का काम शुरू होगा। जनपद स्तर पर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के अलावा यूपीसीडा से 183 निवेश परियोजनाओं का डिजिटल भूमि पूजन किया जाएगा। तीन करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाले उद्योगपति लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले भव्य समारोह में शिरकत करेंगे। गौतमबुद्ध नगर से 155 उद्योगपति समारोह का हिस्सा बनेंगे। इसके अलावा तीन करोड़ से कम का निवेश करने वाले करीब 100 उद्यमी जिले में रहकर ही लाइव स्ट्रीमिंग से समारोह का हिस्सा बनेंगे। जनपद स्तरीय कार्यक्रम के लिए जल्द जगह सुनिश्चित हो जाएगी।

यमुना क्षेत्र में सबसे ज्यादा निवेश

सेरेमनी में यमुना विकास प्राधिकरण जनपद में सबसे ज्यादा निवेश की योजनाओं को गति देगा। प्राधिकरण ने कुल 10,138.25 करोड़ रुपये की निवेश योजनाओं को शामिल किया है। इनमें 3800 करोड़ रुपये की मेडिकल डिवाइस पार्क और 3500 करोड़ रुपये की अपैरल पार्क योजना है। इसके अलावा करीब 38 एकड़ जमीन पर 953.3 करोड़ रुपये निवेश वाली सूर्या ग्लोबल फ्लैक्सी फिल्म का नाम भी शामिल है।

जीबीसी-3 में जनपद की भूमिका

क्षेत्र इकाई कुल निवेश रोजगार

नोएडा प्राधिकरण 39 8,224.71 54,596

ग्रेनो प्राधिकरण 44 7,669 67,602

यमुना प्राधिकरण 12 10,138 ---

यूपीसीडा 88 346.87 3039

(नोट-निवेश की राशि करोड़ रुपये में है।)

जनपद में निवेश करने वाली टॉप-5 कंपनियां

अदानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड 4900 करोड़

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया 1000 करोड़

अग्रवाल एसोसिएट्स 448.96 करोड़

डिक्सन टेक्नोलॉजी 270 करोड़

वेब वर्क्स इंडिया 197 करोड़

ओडीओपी का दिखेगा जलवा

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 3500 करोड़ रुपये निवेश वाली अपैरल पार्क योजना को धरातल पर लाने की तैयारी है। सेरेमनी में प्रधानमंत्री के हाथों भूमिपूजन होगा। एक जनपद-एक उत्पाद योजना के तहत समारोह में जनपद से दो स्टॉल भी प्रदर्शनी में लगाए जाएंगे। -ललित ठुकराल, चेयरमैन-नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर

अंतिम दौर में तैयारियां

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर जनपद स्तर पर तैयारियां अंतिम दौर में चल रही हैं, जो उद्योगपति समारोह में लखनऊ नहीं जा सकेंगे, उनके लिए जनपद स्तर पर लाइव स्ट्रीमिंग का इंतजाम किया जाएगा। इस बार एक तिहाई निवेश गौतबुद्ध नगर से होने जा रहा है। -अनिल कुमार, उपायुक्त (उद्योग), गौतमबुद्ध नगर

ग्रेनो में 70 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

ग्रेटर नोएडा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में ग्रेटर नोएडा की 44 कंपनियां हिस्सा ले रहीं हैं। ये कंपनियां 70 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। सेरेमनी के जरिये ग्रेनो ने फूड प्रोसेसिंग, रोबोटिक्स, हेल्थकेयर व इलेक्ट्रॉनिक्स की तरफ भी कदम बढ़ा दिया है। प्राधिकरण के सीईओ सुरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को अपने अधीनस्थों के साथ बैठक कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए तैयारियों की समीक्षा भी की थी। ब्यूरो